* श्री *

नाद तथा वाद्य कलाकौतुक

हारमोनियम

NR; 291
152NA·1

प्रकाशक—
भार्गव पुस्तकालय,
गायघाट, बनारस सिटी।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

सहस्र अमूल्य हीरे

जिस विचारधारा को लेकर मनुष्य संसार में बड़े से बड़े
सिद्धान्तवादका प्रचार कर सकता है। गुणज्ञ और पण्डित हो
कर सकता है। रङ्क से
कर सकता है, अच्छे से
र सीख सकता है और
न सकता है। ऐसी वस्तु
ाषा न होगी ?:भारतवर्ष
ों, वेदों और शास्त्रों एवं
और महात्मा गांधी आदि
000 एक हज़ार अनमोल
वीर भोग्यावसुन्धरा" के
पुस्तक प्रत्येक आबाल-
ाठक इसके नाम ही से
के पन्टिक क़ाग़ज़ पर
मात्र है।

ता—

"बनारस"

NR; 291 218
152NA.1
Rao, Purushottam Haveer'
Harmonium maker

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

SHRI JAGADGURU VISHWARADHYA JNANAMANDIR
(LIBRARY)
JANGAMAWADIMATH, VARANASI

NR; 291
152NA.1

218

Please return this volume on or before the date last stamped
Overdue volume will be charged 1/- per day.

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

स्त्रियों के लिये सर्वोत्तम ग्रन्थ—

स्त्री भूषण

(लेखक—पुरुषोत्तम बी० ए०)

स्त्री [illegible] कितनी आवश्यक वस्तु है; यह कहनेकी आव-[illegible]। विशेष कर इस युगमें माताओं और बहिनों को [illegible] कर हम जीवनमें आगे बढ़ही नहीं सकते। परन्तु [illegible] प्रकार सुगमतासे शिक्षा दीजाय इस प्रश्नसे बड़ेबड़ों के दिमाग चकराते हैं। इसी प्रश्न को हल करने के लिये यह स्त्रीभूषण नामकी पुस्तक बड़े परिश्रमसे लिखी गई है। वर्तमान् सामाजिक और आर्थिक अवस्था स्त्री-शिक्षामें बहुत बड़ी बाधक है, परन्तु इस पुस्तक के सामने ये कठिनाइयाँ पेश नहीं आ सकतीं। थोड़ीसी साधारण हिन्दी जानने वाली स्त्रियाँभी इसके द्वारा अधिक ज्ञान सुगमतासे प्राप्त कर सकती हैं

पुस्तक में स्त्री-जीवनोपयोगी सभी बातों का समावेश किया गया है और वह ब्रह्मचर्य-जीवन, दाम्पत्य-जीवन, मातृ-जीवन तीन खण्डोंमें समाप्त हुई है। पाकविधि, सिलाई, स्वास्थ्य रक्षा आदि के सिवाय इतिहास, धर्म, समाज, साहित्य आदि विषयों का भी ज्ञान कराने का प्रयत्न किया गया है। दाम्पत्य-जीवन और मातृ-जीवन तो बिल्कुल नये ढंग से लिखा गया है। पृष्ठ सं० ७१६ मूल्य २॥=) है

पता—भार्गव पुस्तकालय गायघाट, बनारस सिटी।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

प्रकाश दासजी

ॐ

संगीत प्रकाश

हारमोनियम मास्टर

प्रथम खण्ड

लेखक—

श्रीयुत पुरुषोत्तम राव "डबीर"

प्रकाशक—

मानवपुस्तकालय काशी

सर्वाधिकार सुरक्षित

मूल्य) ५/

तृतीय संस्करण

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

NR: 29L
152NA.L

LIBRARY,
Jangamwadi Math, VARANASI,
Acc. No. 218

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri



उपहार

श्रीयुत Pirma Lal Shivwal
Hiranagabad
Benares city

डी. जी.
वेदान्त
"सेवा" की अर्पण,
१४-७-७४

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

समर्पण

श्रीयुत् नारायण प्रसादजी "डाइरेक्टर"

के कर कमलों में सादर समर्पित ।

चरण सेवक—

पुरुषोत्तम.

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

विषय सूची

हारमोनियम का वर्णन

विषय	पृष्ठ
ओरिजिनल हारमोनियम	१
अरगान हारमोनियम	२
हैण्डहारमोनियम	३
हारमोनियम के ऊपरी भाग	४
हारमोनियम के स्प्रिंग	५
लकड़ी के ठुके हुए स्प्रिंग	६
सिंगल रीड का नक्शा	७
डबल रीड का नक्शा	८
हारमोनियम के उपरी पर्दे	९
चाभी	९
हारमोनियम के भीतरी भाग के एक पुर्जे का नक्शा	१०
सप्तक का वर्णन	११
हारमोनियम के तीन सप्तक	१२
हारमोनियम के पर्दों के नीचे तख्तों में छेदों का नक्शा	१४
हारमोनियम के भीतरी भाग का नक्शा	१५
गिट्टक	१६

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

विषय	पृष्ठ
गिट्टक के अगल बगल वाले लकड़ी के टुकड़े का नक्शा	१७
गिट्टक के नीचे के स्प्रिंग का नक्शा	१८
पतले तख्ते के नीचे के स्प्रिंग का नक्शा	१[illegible]
धौंकनी की कमानी का नक्शा	१[illegible]
हारमोनियम का पर्दा (सीधा)	२[illegible]
हारमोनियम का पर्दा (उलटा)	२[illegible]

तबले का वर्णन

तबले का वृत्तान्त	२३
तबले का स्वरूप	२४
चित्र नं० २० (तबले का बजाना)	२६
ताल	२७
लय तथा लयके विभाग	२७
तालों के नाम	३०
मात्रा का वर्णन	३१
एक ताले के बोल और मात्रा	३१
तृताले के बोल और मात्रा	३१
कव्वाली के बोल और मात्रा	३२
दादरे के बोल और मात्रा	३२
कहरवा के बोल और मात्रा	३२
तिलवाड़े के बोल और मात्रा	३३
झूमरे के बोल और मात्रा	३३

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

मृदंग का वर्णन

विषय	पृष्ठ
मृदंग	३४
[illegible]ल (मृदंग) बोल और मात्रा	३४
[illegible] फाँकता (मृदंग) बोल और मात्रा	३५
धमार (मृदंग) बोल और मात्रा	३५
झपताल (मृदंग) बोल और मात्रा	३५
तेवरा (मृदंग) बोल और मात्रा	३६

ताल का वर्णन

एक ताले का ताल	३६
तताले का ताल	३७
कव्वाली का ताल	३७
दादरे का ताल	३७
कहरवा का ताल	३८
तिलवाड़े का ताल	३८
झूमरे का ताल	३८
चौताले मृदंग का ताल	३८
शूलफाँकता मृदंग का ताल	३९
धमार मृदंग का ताल	३९
झपताल मृदंग का ताल	३९
ताल चौताला	३९
ताल मुगलई	४०

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

विषय	पृष्ठ
ताल पश्तो	४०
झपताल	४०
ताल चंचल	५१
ताल चाचर	५१
ताल नकटा	५१
खेमटा	५२
ताल टप्पा	५२
पंजाबी ठेका	५२
ठेका पखावज	५२
ताल अद्धा	५२
हारमोनियम सम्बन्धी बातें	४३
हारमोनियम कैसे बजाना चाहिये (नक्शा नं० २१)	४४
हारमोनियम बजाने के नियम	४४
हारमोनियम को किस तरह बन्द करना चाहिये	४६
हारमोनियम के पर्दे पर किस प्रकार अँगुली चलाना चाहिये	४८
अँगुलियों का वृत्तान्त	५०
स्वर पहिचानने के निशान	५१
स्वर का पर्दा	५२
तीव्र पर्दों [स्वर] के नाम	५४
कोमल पर्दों [स्वर] के नाम	५४
सातों स्वरों का वर्णन	५५

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

विषय	पृष्ठ
स्थ[illegible] स्वर	५५
[illegible] वाले स्वर	५५
[illegible] स्वर की पहिचान	५५
कोमल स्वर की पहिचान	५६
[illegible]	५६
सम	५६
तान	५७
तान [illegible] नियम	५७
आरोह और अवरोह	५८

हारमोनियम के सरगम

सरगम न० १	५८
सरगम न० २	६०
सरगम न० ३	६२
सरगम न० ४	६३
सरगम न० ५	६४
सरगम न० ६	६४

अभ्यास

हारमोनियम अभ्यास के नियम	६५
राग रागिनियों का वर्णन	६६

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

राग

विषय	पृष्ठ
(१) भैरव राग	६९
(२) मालकोश राग	७०
(३) हिंडालराग	[illegible]
(४) दीपक राग	[illegible]
(५) श्री राग	[illegible]
(६) मेघ राग	७४

भैरवराग की रागिनियाँ

(१) भैरव रागिनी	७६
(२) मधुमाध रागिनी	७७
(३) बैराटी रागिनी	७८
(४) सिन्धवी रागिनी	७९
(५) बंगाला रागिनी	८०

मालकोश राग की रागिनियाँ

(१) टोडी रागिनी	८१
(२) गुंकले रागिनी	८२
(३) खंबावती रागिनी	८३
(४) कलभक रागिनी	८४
(५) गौरी रागिनी	८५

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हिंडोल राग की रागिनियाँ

विषय	पृष्ठ
(१) रामकली रागिनी	८६
(२) विलावल रागिनी	८७
(३) देवसाख रागिनी	८८
(४) ललित रागिनी	८९
(५) पट मंजरी रागिनी	९०

दीपक राग की रागिनियाँ

(१) देश रागिनी	९१
(२) कामोद रागिनी	९२
(३) कान्हरा रागिनी	९३
(४) केदारा रागिनी	९४
(५) नट रागिनी	९५

हारमोनियम की गतें

गत भैरवी	९६
गत आसावरी	९८
गत देश	९९
गत सिन्दूरई	१०१
गत केदारा	१०४
गत झँझौटी	१०६
गत काफी	१०८
गत सारंग	११०
गत जंगला	११२

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

गायन

विषय	पृष्ठ
राग भैरव (भजन)	११४
राग मल्हार (गाना)	११६
राग पहाड़ी (मल्हार)	१२१
राग भैरव (ठुमरी)	१२४
राग देश (ठुमरी)	१[illegible]८
राग सिन्ध (होली)	१३२
राग कोन्सिया (दादरा)	१३६
राग देश (गज़ल)	१४३
राग सिन्धु भैरवी (गज़ल)	१४६
राग भैरवी (गज़ल)	१४९
राग कल्यान (गज़ल)	१५२
रागिनी योगिया-आसावरी (गज़ल)	१५५
राग भैरवी (गज़ल)	१५९
राग रामायण (रामायण पद)	१६२
राग कोन्सिया (भजन)	१६५
राग मल्हार (ठुमरी)	१६९
राग काफी (ठुमरी)	१७३
राग सिन्धु भैरवी (गज़ल)	१७९
राग मांड (गज़ल)	१८२
राग पहाड़ी (गज़ल)	१८४

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

विषय	पृष्ठ
राग ज़िला (गायन मज़ाकिया)	१८७
राग भैरवी (गज़ल)	१९०
राग पीलू (ठुमरी)	१९६
राग भैरवी (ठुमरी)	१९९
राग जिल्हा (ठुमरी)	२०३
राग देश (ठुमरी)	२०८
रागिनी भैरवी (ठुमरी)	२१३
राग भैरवी (गज़ल)	२१७
राग काफी (ठुमरी)	२२१
राग भीमं पलाश्री (ठुमरी)	२२७
राग देश (ठुमरी)	२३५
रागिनी मुलतानी (गत)	२४१

थियेट्रिकल गायन

खेल भूलभुलैया (गाना)	२४५
खेल दिलफ़रोश (गाना)	२४७
खेल हरिश्चन्द्र (गाना)	२४८
खेल इन्द्रसभा (गाना)	२४९
खेल चूँचूँ का मुरब्बा (गाना)	२५०
खेल जहरी अँगूठी (गाना)	२५१
खेल हामा (गाना)	२५२
खेल चन्द्रावली (गाना)	२५३

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

विषय	पृष्ठ
खेल असीरे हिर्स (गाना)	२५४
खेल चूँचूँ का मुरब्बा (गाना)	२५५
थियेटर गाना–राग भैरवी (मंगलाचरण)	२५९
खेल असीरे हिर्स–राग कौन्सिया (गाना)	२६५
खेल सत्य हरिश्चन्द्र–राग सिन्धुरा (गाना)	२६९
खेल शकुन्तला–राग खम्माच (ठुमरी)	२७३
हरिश्चन्द्र लीला–नाच रासधारी (गाना)	२७६
रासलीला	२७८
खेल इन्द्रसभा–नाच गाना	२८१
नाच तवायफ (ठुमरी व दादरा) गाना	२८४
खेल मोहनी बी. ए. (गाना)	२८७
गायन (दादरा)	२८९
गाना मज़ाकिया	२९२
खेल असीरे हिर्स (गाना)	२९५
” ” (”)	२९७
मज़ाकिया गाना	३०१
खेल जाम जहानुमा (गाना)	३०४
राग भैरवी (रामायण)	३०६
कबीरदास (भजन)	३०९
गोपीचन्द (भजन)	३१२
राग मल्हार (तर्राना)	३१७
राग भैरव	३१८
राग भैरव (भजन)	३२३

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

विषय	पृष्ठ
रागिनी भैरवी	३२६
राग खम्माच	३३०
सरगम मेघराग	३३४
सरगम होली	३३५
राग विहाग (गाना)	३३६
रागिनी भैरवी (गज़ल)	३३८
राग खम्माच (ठुमरी)	३४०
राग खम्माच (ठुमरी)	३४२
रागिनी हमीर ठुमरी	३४५
थियेट्रिकल (गाना)	३४९
राग धानी (ठुमरी)	३५०
रागिनी भैरवी (ठुमरी)	३५३
रागिनी हमीर („)	३५६
खम्माच („)	३५९
खम्माच („)	३६२
रागिनी बागेश्वरी	३६४
रागिनी देश (दादरा)	३६७
राग बहार (सरगम)	३७०
दादरा	३७१
रागिनी छाया	३७३
रागिनी छाया (ठुमरी)	३७५
धुन गज़ल (गज़ल)	३७९

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

विषय	पृष्ठ
राग भैरवी (गज़ल)	३८२
हारमोनियम की मरम्मत	३८५
सामग्री	३८६
बार्निश के नुसखे	३८८
औजार	३८९
स्प्रिंग की मरम्मत	३९१
नया स्प्रिंग	३९१
स्प्रिंग का बैठाना	३९१
पर्दे की मरम्मत	३९२
धौंकनी	३९३
धौंकनी बनाने की चीजें	३९३
चाभी की मरम्मत	३९४
सफेद पर्दे का साफ करना	३९५
काले पर्दे का साफ करना	३९५
रीड का जड़ना	३९५
आवाज़	३९६
बाजे की लकड़ी	३९७
बाजे के सुराख बन्द करने की विधि	३९७

* इति *

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

* ॐ *

* सङ्गीत प्रकाश *

प्रथम-खण्ड

हारमोनियम मास्टर

(चित्र नं० १)



CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम मास्टर

(१) फोल्डिंग हारमोनियम ।

इस बाजे में २५ तीव्र स्वर और १७ कोमल होते हैं। किसी किसी में इससे भी ज्यादा होते हैं। कुर्सी पर बैठकर यह दोनों हाथों से बजाया जाता है और दोनों पाँव से हवा दी जाती है। ऐसे बाजे बहुधा नाटक कम्पनियों तथा क्लबों में रहते हैं। इस किस्म के छोटे-बड़े बाजे अनेकों हैं और बहुत दामों में मिलते हैं। इसमें हवा पीतल की पाईप द्वारा जाती है।

(२) अरगन हारमोनियम ।

यह फोल्डिंग की ही तरह होता है, किन्तु फोल्डिंग से इसमें थोड़ा सा अन्तर होता है। इस बाजे में लगभग ४० तीव्र और २७ या २८ कोमल स्वर होते हैं। यह बहुत बड़ा बाजा होता है। जहाँ ज्यादा मनुष्य एक साथ गाने वाले हों वहाँ इससे काम लेते हैं। इसमें से स्वरके साथ २ बाँसुली की आवाज भी निकलती है। ज्यादातर यह ईसाइयों के मन्दिर [चर्च] में रहता है और रविवार [सण्डे] के दिन सौ-पचास ईसाई एक ही स्वर में ईश्वर की प्रार्थना करते हैं। इस बाजे की कीमत फोल्डिंग से भी ज्यादा होती है। अर्थात् लगभग चार-पाँच सौ के ऊपर। यह भी बहुत किस्म के होते हैं।

फोल्डिंग बाजे बहुत से ऐसे भी हैं जो कमानी पर रहते हैं, जब चाहे मनुष्य उसे खोलकर बड़ा कर सकता है-और फिर

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

कमानी को दबाकर एक छोटी सन्दूक की तरह कर ले सकता है। यह भी नाटक कम्पनियों तथा क्लबों में रहते हैं। केवल अरगन को छोड़कर यह सब बाजे दूने [डबल] स्वर [आवाज] में होते हैं।

(३) हैण्ड हारमोनियम।

(चित्र नं० २)



यह बाजा एक हाथ से बजाया जाता है। बाएँ हाथ से दमकश [धौंकनी] दबाई जाती है और दाहिने हाथसे बजाते हैं। यह दो प्रकार का होता है एक सिंगल रीड और दूसरा डबल रीड। सिंगल हारमोनियम से इकहरी आवाज तथा डबल से दुगनी आवाज निकलती है। यह बाजा सुन्दर होता है और इसकी आवाज मधुर होती है। पहले पहल सीखने के लिये यही बाजा ठीक है। इन बाजों का मूल्य कम से कम

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

बीस रुपये और अधिक से अधिक ढाई-तीन सौ रुपया होता है। कम दाम का बाजा खरीदने से अधिक दिन नहीं टिकेगा। डबल रीड का ही बाजा ठीक होता है इसमें गाने में कठिनाई नहीं पड़ती है। अब आगे हारमोनियम के एक २ टुकड़े को अलग अलग करके दिखाया गया है, जिससे सीखने वाले हारमोनियम विषय की सभी बातें भलीभाँति समझ जायँ।

हारमोनियम के ऊपरी भाग।

(१) धौकनी।

(चित्र नं० ३)



यह धौकनी हारमोनियम के पिछले भाग में लगी रहती है। इसे अपनी ओर दबाने से हवा भरती है। क्रमशः इसका वृत्तान्त आगे दिया जाता है।

धौकनी में मुख्य वस्तु सावर है। इसके पिछले भाग में सुन्दर मजबूत और अच्छी लकड़ी की पाटी [तख्ता] लगा

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

रहता है उसी प्रकार अगले भाग में एक पाटी [तख्ता] [जो कि हारमोनियम का पिछला भाग है] रहता है। सीखने वाले चित्र नं० ३ के नक्शे को देखें। इस धौंकनी को अपनी तरफ दवाने से हवा भरती है। हारमोनियम के अन्दर इसी धौंकनी में एक छोटी धौंकनी अथवा स्प्रिंग [कमानी] लगी रहती है जो दवाने से रीडों पर जोर फेंकती है और जो रीड को दवाता है जिससे कि आवाज निकलती है। क्रमशः इसका नक्शा आगे दिया गया है।

हारमोनियम के ऊपर के स्प्रिंग।

स्प्रिंग का नक्शा।

(चित्र नं० ४)



CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

धौकनी के आगे जो पीतल के तार लगे रहते हैं वही स्प्रिंग हैं वह आगे के पर्दों को दबाये रहते हैं। जितने पर्दे होते हैं उतने ही स्प्रिंग होते हैं इनका एक सिरा लकड़ीमें ठुका होता है और दूसरा सिरा पर्दों को दबाये रहता है। सीखने वाले के समझने के लिये इसका नक्शा नीचे दिया जाता है।

लकड़ी में ठुके हुए स्प्रिंग।

(चित्र नं० ५)



इसी प्रकार से यह हरएक पर्दों पर बैठे रहते हैं। इनमें खास बात है कि यह लचकदार होते हैं। इसी कारण पीतल के बनाये जाते हैं और धातुओं में इतनी लचक नहीं होती है। जब आदमी हारमोनियम के किसी पर्दे को दबाता है तो वह स्प्रिंग थोड़ा सा ऊपर उठ जाता है और पर्दों में से आवाज आने लगती है।

रीड्स।

रीड भारतवर्ष में नहीं बनते। विदेशों में तैयार किये जाते हैं। फ्रान्स और पेरिस के बने हुए रीड्स ज्यादः मशहूर हैं,

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

और अच्छे होतेहैं। हारमोनियम में असली चीज यही रीड्स हैं। जिस बाजे में जैसे रीड्स लगाये जाते हैं उनका मूल्य भी वैसा ही होता है। पेरिस रीड वाला बाजा अधिक दाम का मिलता है। यह रीड पीतल के होते हैं। इसे साधारण मनुष्य नहीं बना सकते। अनुभवी उस्ताद ही इस वस्तु को तैयार करते हैं।

सिंगल रीड का नक्शा।

(चित्र नं० ६)



हारमोनियम के भीतर लगे रहते हैं।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

डबल रीड का नक्शा ।

(चित्र नं० ७)



हारमोनियम के भीतर लगे रहते हैं ।

इस प्रकार प्रत्येक हारमोनियम बाजे में कम से कम ३७ होते हैं। बाजे में रीड एक के बाद एक छोटे लगाये जाते हैं। जैसा कि ऊपर चित्र नं० ६ और ७ में दिया है। रीड पर जब धोंकनी की हवा पहुँचती है तब आवाज़ निकलती है।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम के ऊपरी पर्दे ।

(चित्र नं० ८)



इन्हीं एक एक पर्दों के नीचे [अर्थात् हारमोनियम के भीतरी भाग में ऊपर के सफेद और काले पर्दों के ठीक नीचे] रीड्स लगे रहते हैं । ऊपर के पर्दे को दबाते ही तुरन्त आवाज आने लगती है । यह रीड्स उतने ही हैं जितने सफेद और काले पर्दे मिला कर हैं ।

चाभी ।

(चित्र नं० ९)



CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम मास्टर

(चित्र नं० १०)



यह चाभी हारमोनियम में नीचे की तरफ लगी रहती है। यह बाजों में कमसे कम एक और अधिक से अधिक नौ होती हैं। इन्हीं चाभियों के कारण हारमोनियम में भिन्न २ आवाजें उत्पन्न होती हैं। यह चाभी जहाँ नं० १ का निशान है, बाजे के भीतर एक बहुत छोटे लकड़ी के गिट्टक [चौकोर तख्ते] में लगी रहती है। [चित्र नं० १० को देखिये] जब आदमी बाजा बजाने के पहले उस चाभी को अपनी तरफ खींच लेता है तब वह नं० २ जहाँ शून्य का आकार है उस छेद पर से आगे चली आती है और धौंकनी से दबाई हुई हवा उस छेदके द्वारा रीडों को दबाती है और भिन्न भिन्न आवाजें निकलने लगती हैं। और जब हारमोनियम बन्द करते हैं तब उस चाभी को भीतर दबाते हैं जिससे पुनः वह नं० १ के ऊपर जा बैठती है। इसी प्रकार सब चाभियों का काम है और उनमें से अलग अलग आवाज उत्पन्न होती है।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

यहाँ पर एक बात और लिखने योग्य है। वह यह कि इन चाभियों में एक चाभी ऐसी है कि जिसे खोलने से कम्पित आवाज निकलती है। यह आवाज अत्यन्त दीन स्वरमें सुनाई देती है। प्रायः नाटक कम्पनियाँ इस दर्दनाक स्वर को उस समय सुनाती हैं कि जिस समय कोई करुण या दर्दनाक सीन आती है। यह चाभी पहले सप्तक की चाभी के बाद की आखिरी चाभी है। अर्थात् चौथी—

नोट-मैंने चार चाभी वाले बाजों से अनुभव कर इस बात को लिखा है। परन्तु और और बाजों में इससे अधिक और इससे कम चाभियां होती हैं। सङ्गीत प्रेमी स्वयं इस बात को अनुभव कर देख लें कि किस चाभी से यह आवाज निकलती है।

(सप्तक)

हारमोनियम ३ से ७ सप्तक तक होता है। परन्तु ज्यादः तर ३ सप्तक का ही बाजा काम में लाया जाता है, क्योंकि मनुष्य ३ सप्तक तक गा सकता है।

सफेद सात और काले पाँच पर्दे मिल कर पहला सप्तक होता है। दूसरे सप्तक में भी उतने पर्दे लगते हैं परन्तु तीसरे सप्तक में सफेद ८ और काले ५ पर्दे लगते हैं।

पहले सप्तक की आवाज़ मोटी होती है दूसरे की मध्यम, और तीसरे की महीन और तीव्र होती है। पहले सप्तक को मान्द्र, दूसरे सप्तक को मध्यम और तीसरे सप्तक को तार सप्तक कहते हैं।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

फोल्डिंग तथा अरगन में तीन से अधिक सप्तक होते हैं। क्योंकि वह दोनों हाथों से बजाया जाता है और प्रथम सप्तक तथा दूसरे सप्तक के स्वर लेने पड़ते हैं।

हारमोनियम के तीन सप्तक।

(का चित्र नं० ११)



CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम मास्टर

अब यहाँ पर हारमोनियम के भीतरी भागों का वर्णन मय चित्र सहित किया जाता है जिससे हारमोनियम के प्रेमी सिर्फ बजाना और गाना ही नहीं वरन् बाजे के एक एक पुर्जे पुर्जेको भली भाँति समझ लें और उन्हें ज्ञान हो जाय कि अमुक पुर्जे से क्या मतलब है।

हारमोनियम के ऊपरवाले स्प्रिंग के नीचे एक तख्ता लगा रहता है जिस पर कि स्प्रिंग फिट [बैठाये] रहते हैं और उसी तख्ते में एक लम्बासा छेद रहता है जिसके नीचे रीड लगा रहता है। जितने रीड्स होंगे उतने ही छेद होते हैं। इसका नक्शा सीखनें वालों को समझने के लिये नीचे दिया जाता है। यह तख्ता पूरा रहता है जिस पर काले और सफेद पर्दे भी बैठे रहते हैं; परन्तु छेद स्प्रिंग के ही नीचे रहते हैं और छेदों के ठीक नीचे रीड्स लगे रहते हैं।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम के पर्दों के नीचे तख्तों में छेदों का नक्शा।

(चित्र नं० १२)

जितने स्प्रिंग होते हैं उतनेही पर्दे, उतने ही छेद और उतने ही रीड्स

अर्थात् ३७ स्प्रिङ्ग, ३७ पर्दे ३७ छेद और ३७ रीड्स।

चित्र नं० ४ में स्प्रिंग का नक्शा देखिये।



CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri.

हारमोनियम के भीतरी भाग का नक्शा।

(चित्र नं० १३)



हारमोनियम के भीतरी भाग में अर्थात् स्प्रिङ्गों के ठीक नीचे के हिस्से में एक छोटा सा लकड़ी का तख्ता एक कोने से दूसरे कोने तक जड़ा रहता है, जिस पर कि रीड्स फिट [बैठाये] रहते हैं। और मजबूती के लिये दोनों सिरा पेंच से कस दिया जाता है। ऊपर दिये हुए नक्शे को देख कर समझ लीजिये।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

(गिट्टक)

इसका बयान चित्र नं० १० में दिया जा चुका है। यहाँ इतनी बात और लिख देना जरूरी है कि गिट्टक दो लकड़ी के टुकड़े के बीच में जकड़े हुए रहते हैं जैसा कि नीचे नक्शे में दिया है।

गिट्टक के अगल बगल वाले लकड़ी के टुकड़ों का नक्शा।

(चित्र नं० १४)

इस प्रकार की जितनी चाभियाँ होंगी उतनेही गिट्टक होंगे चाभियों का वृत्तान्त चित्र नं० ९ में दिया गया है।

यही गिट्टक जब शून्य के ऊपर चढ़ जाता है तब आवाज नहीं निकलती। गिट्टक के ऊपर जहां × ऐसा निशान एक और

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

गिट्टक छोटा सा है। जिसमें वह चाभी लगी रहती है जिसका बयान चित्र नं० ९ में दिया है। गिट्टक के नीचे जहाँ नं० १ है। वह चाभी का भीतरी हिस्सा है। चाभी का बाहरी हिस्सा चित्र नं० ९ में दिया गया है।

शून्य के नीचे एक पतला सा तख्ता है। अर्थात् इस पतले तख्ते के ऊपर का जो तख्ता है जिस पर कि गिट्टक हैं उसके नीचे जो शून्य है वह इस पतले तख्ते के ऊपर है। संगीत प्रेमियों के समझने के लिये इसका नक्शा नीचे दियाजाता है।

(चित्र नं० १५)

नं० १ नं० २ नं०३ नं०४



इस प्रकार जितने गिट्टक हेंगे उतने ही शून्य होंगे। परन्तु इसमें भी खास बात है।

नं ० १ का छिद्र शून्य बहुत छोटा होता है।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

नं० २ का छिद्र नम्बर १ वाले शून्य से बड़ा होता है।

नं० ३ का छिद्र शून्य नं० १ से बड़ा और नं० २ से छोटा होता है।

नं० ४ पर गिट्टक पूरा रहता है। परन्तु उस गिट्टक के ऊपर एक छोटा सा गिट्टक और रहता है। जिसमें पतली कमानियाँ लगी रहती हैं, जब बाजे की आखरी अर्थात् तार सप्तकी चाभी खोली जाती है तब वह छोटा सा गिट्टक और उसकी कमानी नीचे के छोटे छेद के ऊपर आ जाती है। यही कारण है की उस चाभी को खोलते ही कँपकँपी आवाज़ निकलती है। परन्तु इसका पहला कारण रीड्स हैं जो कि तार सप्तक में बहुत छोटे हो गये हैं। चित्र न० ६ और ७ में रीड्स का नक्शा देख कर समझिये।

शून्य के नीचे पतला सा तख्ता है और उस पतले तख्ते के नीचे तीन बड़ी बड़ी स्प्रिंग रहती हैं जिसके आधार पर वह अड़ा हुआ रहता है। यह स्प्रिंग किसी बाजे में एक और किसी में तीन रहते हैं।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

पतले तख्ते के नीचे के स्प्रिंग का नक्शा।

(चित्र नं० १६)



इसी प्रकार धौंकनी में भी कमानी है परन्तु उसका रूप दूसरा है।

धौंकनी की कमानी का नक्शा। (चित्र नं० १७)



यह कमानी चित्र नं० १६ स्प्रिंग वाले से मिली रहती है। जब धौंकनी धौंकी जाती है तब यह चित्र नं० १६ वाले स्प्रिंग को ऊपर बढ़ाती है और चित्र नं० १६ वाला स्प्रिंग अपने ऊपर के पतले तख्ते को नीचे ऊपर करने लगता है और हवा का मार्ग साफ हो जाता है और उन छेदों [शून्यों] में से जिसका वर्णन चित्र नं० १५ में किया गया है, हवा निकलने लगती है। और रीडों को ऊपर ढकेलती है जिससे अँगुली रखते ही आवाज निकलने लगती है।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

मैंने हारमोनियम के सम्पूर्ण यन्त्रों को दिखा कर उसके मतलब को लिखने की चेष्टा किया है। अब यहाँ पर हारमोनियम के पर्दे का वर्णन किया जाता है। और जैसा हारमोनियम के पुर्जे पुर्जे को दिखाने की चेष्टा किया है उसी प्रकार आगे तबले के रूप को भी दिखाया जायगा।

हारमोनियम का पर्दा। (चित्र नं १८)

सीधा पर्दा।

काला पर्दा।



सफेद पर्दा।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

उलटा पर्दा ।



नं० १

सफेद पर्दा ।

काला पर्दा ।

यहाँ पर एक बात और लिख देना ठीक है। नं० १ जहाँ दिया है वह उतना ही लम्बा रबर है जितना लम्बा तख्ते का छेद है चित्र नं० १२ में देखिये। यह पर्दे के उल्टी तरफ रहता है। इसके लगाने का कारण यह है कि हवा के आने में कोई गड़बड़ न हो।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

गाने के साथ २ साज का बजना भी अवश्यकीय है। जब तक हारमोनियम के साथ कोई साज न बजाया जाय गाने का आनन्द नहीं आता। अतः प्रत्येक हारमोनियम प्रेमी को तबले को भी अच्छी तरह सीख लेना चाहिये। क्योंकि बगैर तबले को जाने हुए मनुष्य हारमोनियम को इष्ट मित्र सभा-सोसाइटी तथा जहाँ हारमोनियम के पण्डित गाते-बजाते हों नहीं बजा सकता है और न गाना गा सकता है, क्योंकि जब कि उसने तबले को सीखा नहीं और तबले का साथ नहीं किया तो अवश्य वह बेताला हो जायगा और वहाँ उसकी हँसी होगी। इस लिये हारमोनियम के साथ साथ तबला भी सीख लेना चाहिये।

जिस प्रकार पीछे हारमोनियम के पुर्जे अलग अलग करके दिखाये गये हैं और उसका मतलब भी बताया गया है उसी प्रकार अब यहाँ से तबले का वृत्तान्त आरम्भ करता हूँ और उसके स्वरूप को दिखा कर नाम, बोल सहित संगीत प्रेमियों की सेवा में उपस्थित करता हूँ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

तबले का वृत्तान्त।

हारमोनियम तो बहुत किस्म की होती हैं परन्तु तबला एक ही किस्म का होता है। परन्तु जो काम तबले से लिया जाता है वह अन्य वाद्यों से भी थोड़ा बहुत लिया जाता है। लेकिन हारमोनियम के साथ तबला ही ठीक और अच्छा है। संगीत प्रेमियों के जानने के लिये क्रमशः उन वाद्यों के भी नाम और बोल दिये जाते हैं जिससे संगीत सीखनेवाले संगीत विषय से अनभिज्ञ न रह जायँ और मौका आ जाने पर अपनी हँसी न करायें।

अब आगे तबले का स्वरूप दिखाया जायगा और तबले के एक एक टुकड़े को नाम सहित उसका कारण बतलाया जाता है। संगीत प्रेमी ध्यान से उसे पढ़ें और बोल को कण्ठाग्र कर लें।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

तबले का स्वरूप ।

[चित्र नं० १६]

दहिना



बायाँ



CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

चित्र नं० १९ में तबले की तसवीर दिया है जहाँ "बायाँ" लिखा है वह बायें हाथ से बजाया जाता है और जहाँ "दाहिना" लिखा है वह दाहिने हाथ से बजाया जाता है।

बायें तबले पर बाईं हथेली रखकर हथेली को [अँगुलियों सहित] ऊपर उठाना चाहिये और मध्यमा अर्थात् अँगूठे के बाद की तीसरी अँगुली का जहाँ नम्बर एक का निशान है टप्पा देना चाहिये।

इधर दाहिने तबले में अँगूठे के बाद की अर्थात् दूसरी अँगुली जहाँ नम्बर दो का निशान है सिर्फ वहीं पड़नी चाहिये और वहाँ से उठकर वही अँगूठे के बाद वाली दूसरी अँगुली और उसके बाद की मध्यमा [तीसरी] दोनों अँगुलियाँ नम्बर ३ पर पड़ना चाहिये। चित्र नं० १९ में देखकर समझिये।

अँगूठे के बाद की दोनों अँगुली नम्बर तीन पर पड़ने के साथ ही साथ बायें हाथ की हथेली जो कि ऊपर उठी है बीच की अँगुली का टप्पा पड़ना चाहिये। यह काम इतनी जल्दी हो कि नबर तीन पर अँगुली पड़ते ही नम्बर एक पर भी टप्पा पड़ जाय आगे पीछे न पड़े नहीं तो बोल की आवाज नहीं निकलेगी। अब सीखने वाले को समझने के लिये इसका नक्शा नीचे दिया जाता है।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri



(चित्र नं० २०)



नम्बर २ पर बजाने से–ता–की आवाज निकलती है और नम्बर ३ पर बजाने से–तिन्–की आवाज निकलती है नम्बर १ पर केवल ताल दिया जाता है। इसका वर्णन आगे दिया जायगा।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

ताल।

ताल—समय को कहते हैं जिस प्रकार कला या मात्रा एक थोड़े समय का नाम है बस यही ताल की जड़ है।

मात्रा—स्वयं एक थोड़ी देरी है। मात्रा के भाग से ताल बनते हैं।

लय—ताल की चाल को लय कहते हैं यदि यह स्थिर न रखी जाय तो गाना या बजाना अधूरा रहता है। ताल की बनावट के अनुसार लय नियत की जाती है, किन्तु गाने का भी ध्यान रखना पड़ता है। संगीताचार्यों ने बहुत किस्म की लय नियत की हैं। जिनका उल्लेख नीचे किया जाता है।

(१) मध्यम लय।

यह साधारण चाल में गायी बजायी जाती है।

(२) द्रुत लय।

यह साधारण चाल से ज्यादा [साधारण चाल के] ½ भाग में गायी जाती है।

(३) विलम्बित लय।

यह कम चाल में गायी बजायी जाती है अर्थात् मध्यम लय के दुगने भाग में खतम होती है।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

* लय के संकेत *

(१) फांग

लय के टुकड़ों को फांग लय कहते हैं।

(२) सम गिरह।

ताल और गाना साथ ही साथ आरम्भ किया जाय तो उसको सम गिरह कहते हैं।

(३) अतीत गिरह।

ताल के पहले गाना आरम्भ करने को अतीत गिरह कहते हैं।

(४) अनागत।

ताल के पीछे यदि गाना आरम्भ हो तो वह समागत कहलाता है।

(५) विषम गिरह।

इसमें कोई खास गिरह नहीं है, जहाँ से चाहा आरम्भ कर दिया।

(६) परन गिरह।

आरम्भ से अन्त तक सम हो तो वह परन गिरह कहलाती है।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

(७) रीला ।

जो ताल सीधी चाल में गाया बजाया जाय उसे रीला कहते हैं ।

(८) आड़ी ।

जो ताल तिरछी दशा में हो उसे आड़ी कहते हैं ।

(९) कोवाड़ी ।

जिसमें सीधे और आड़े दोनों ताल मिले हों वह कीवाड़ी है ।

(१०) टुकड़ा ।

जो परन से छोटा हो उसे टुकड़ा कहते हैं ।

(११) थाई ।

ताल के किसी टुकड़े को तीन बार उसी समय में गायें बजायें जितने समय में वह टुकड़ा बजाय जाता है, तो उसे थाई कहते हैं ।

(१२) दुगुन थाई ।

थाई को दुगुन में बजाने से दुगुन थाई कहलाती है ।

ताल के संकेत ।

ताल—एक कायम किये हुए समय के भाग को ताल कहते हैं ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम मास्टर

खाली ताल—ताल की अलग गणना करने में कष्ट होता है दूसरे ताल को साफ तौर पर और पूर्ण रीति में प्रकट करने के लिये खाली को भी ताल के साथ रखना अत्यावश्यक है। यदि खाली न हो तो ताल में दृढ़ता नहीं रह सकती—खाली ताल ताली के बराबर होता है। परन्तु यह काम मात्रा के हिसाब से होना चाहिये ?

सम—जहाँ ताल का अन्त होता है उसको सम कहते हैं।

नीचे इस समय के प्रचलित तालों का वर्णन किया जाता है।

तालों के नाम।

१ ताल इकताला।
२ ताल तृताला।
३ ताल कौव्वाली।
४ ताल दादरा।
५ ताल कहरवा।
६ ताल तिलवाड़ा।
७ ताल झूमरा।
८ ताल चौताला।
९ ताल पश्तो।
१० ताल मुगलई।
११ ताल नकटा।
१२ ताल चंचल।
१३ ताल पंजाबी ठेका।
१४ ताल खेमटा।
१५ ताल झपताल।
१६ ताल अद्धा।
१७ ताल चाचर।
१८ ताल टप्पा।

अगले पृष्ठों में तालों के बोल लिखे गये हैं।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

(मात्रा)

जितने बोल होंगे उतनी ही मात्रा होगी। अर्थात् एक २ अक्षर पर एक मात्रा। जिस प्रकार एक ताले में १२ मात्रा लगती है।

(एकताले के बोल और मात्रा)

ताल—सम

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
बोल—	धी (तृक)	धी	ना	धी	धी	ना (तृक)	तू	ना	(कत्)	ता		

इस प्रकार जितने बोल होते हैं। उतनी ही मात्रा होंगी।

(तृताले में १६ मात्रा होती हैं)

तृताले के बोल और मात्रा।

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८
बोल—	धा	धिं	धिं	ता	धा	धिं	धिं	ता
मात्रा—	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
बोल—	धा	धिं	धिं	ता	ता	तिं	तिं	ता

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

कव्वाली के बोल ।

इसमें ८ मात्रा होती हैं और इसके बोल भी तृताले से भिन्न हैं।

(बोल और मात्रा)

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८
बोल—	धा	गिं	न	धिं	न	क	थिं	न

दादरे के बोल ।

इसमें ६ मात्रा लगती है।

मात्रा—	१	२	३	४	५	६
बोल—	धा	धिं	ना	धा	तिं	ना

बोल कहरवा ।

इसमें ८ मात्रा होती हैं और इसके बोल सब बोलों से भिन्न हैं।

(बोल और मात्रा)

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८
बोल—	धा	कि	ट	ति	न	क	धि	न्

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

तिलवाड़े के बोल ।

इसमें १६ मात्रा होती हैं ।

(बोल और मात्रा)

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८
बोल—	धा	किड़	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं
मात्रा—	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
बोल—	ता	ऽकिड़	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं

झूमर के बोल ।

इस बोल में १४ मात्रा हैं ।

(बोल और मात्रा)

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७
बोल—	धिं	धा	तिरकिट	धिं	धिं	धा	धा
मात्रा—	८	९	१०	११	१२	१३	१४
बोल—	तिं	ता	तिरकिट	धिं	धिं	धा	धा

यह सब तबले के बोल, सीखने वाले को याद कर लेने चाहियें अब आगे अन्य वाद्यों के भी बोल दिये जाते हैं ।

मृदंग ।

यह वाद्य प्रायः कर बंगाली बजाते हैं चित्र सहित इसके कुछ बोल नीचे दिये गये हैं ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

मृदंग का नक्शा ।

(चित्र नं० २०)



चौताला ।

(मृदंग)

इसमें १२ मात्रा होती हैं ।

(बोल और मात्रा)

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८
बोल—	धा	धा	दिं	ता	क	द्धागे	दिं	ता
मात्रा—	९		१०		११		१२	
बोल—	तिर		कत		गदि		गन	

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम मास्टर

शूल फांकता।

(मृदंग)

इसमें १० मात्रा लगती है।

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८
बोल—	धा	आ	दि	दि	ता	आ	तिट	कत
मात्रा—	९	१०						
बोल—	गदि.	गन						

धमार।

(मृदंग)

इसके बोल में १५ मात्रा लगती हैं।

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
बोल—	क	धि	ट	धि	ट	धा	आ	म	दि	न
मात्रा—	११		१२			१३			१४	
बोल—	दि		न			ता			आ	

झपताल।

(मृदंग)

इसमें १० मात्रा होती हैं।

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
बोल—	धा	धा	दि	ता	धि	ता	आ	कत	गदि	गन

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

तेवरा।

(मृदंग)

इस बोल में ७ मात्रा होती हैं।

मात्रा—१ २ ३ ४ ५ ६ ७

बोल—धा दिं ता तिट कत गाद गन

ताल—मात्रा, बोल, सरगम और ठेका इन चारों को एक में बाँध देता है। सीखने वाले को समझने के लिये इसका सम्पूर्ण वृत्तान्त नीचे लिखा जाता है।

इकताले का ताल।

मात्रा १२

इसमें ३ ताल होता है।

ताल— १ २

मात्रा—१ २ ३ ४ | ५ ६ ७ ८ |
ठेका—धी (तृक) धी ना | धी धी ना (तृक) |

ताल— ३

मात्रा—९ १० ११ १२|
ठेका— तू ना (कत्) ना|

इस प्रकार १२ मात्रा में तीन ताल हुआ। चार २ अक्षर पर एक २ ताल बैठता है और १२ मात्रा वाला इकताला कहा जाता है।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

तृताले का ताल।

मात्रा १६

इसमें भी इकताले की भाँति चार २ अक्षर पर एक ताल बैठता है और इसमें ४ ताल होता है चौथा खाली जाता है।

ताल—				१				२				३
मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
ठेका—	ता	तिं	तिं	ता	धा	धिं	धिं	ता	धा	धिं	धिं	ता

ताल—	४ खाली।			
मात्रा—	१३	१४	१५	१६
ठेका—	धा	धिं	धिं	ता

कव्वाली का ताल।

मात्रा ८

इसमें दो २ अक्षर पर एक २ ताल बठता है। इसमें भी चार ताल होते हैं।

ताल—	१		२		३		४	
मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८
बोल—	धा	गि	न	धिं	न	क	थ	न

दादरे का ताल।

मात्रा ६

इसमें तीन २ अक्षर पर एक २ ताल बैठता है। और २ ताल होते हैं।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

ताल—	१			२		
मात्रा—१	२	३	४	५	६	
बोल—धा	धिं	ना	धा	तिं	ना	

कहरवा का ताल।

मात्रा ८

इस ताल को ठीक कव्वाली के ताल की भाँति समझिये।

तिलवाड़े का ताल।

मात्रा १६

इस ताल को तृताले की भाँति जानिये।

झूमरे का ताल।

मात्रा १४

इसमें पहला ताल ३ अक्षर पर अर्थात् तीसरी मात्रा पर दूसरा चार अक्षर पर अर्थात् ७ वीं मात्रा पर और तीसरा १४ वीं मात्रा पर इस प्रकार यह ३ ताल का हुआ।

चौताले मृदंग का ताल।

मात्रा १२

ताल—		०		२		०		३		४	
मात्रा—१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
ठका—धा	धा	दिं	ता	क	द्धागे	दिं	ता	तिट	कत	गदि	गन

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

शूलफाकता मृदंग का ताल।

मात्रा १०

ताल—	०	२	३	०
मात्रा—१ २	३ ४	५ ६	७ ८	९ १०
ठेका—धा आ	दि दिं	ता आ	तिट कत	गदि गन

धमार मृदंग का ताल।

मात्रा १४

ताल—	०	२	०	३
मात्रा—१ २ ३	४ ५	६ ७ ८	९ १० ११	१२ १३ १४
ठेका—क धि ट	धि ट,	धा आ, ग	दि न, दि	न ता आ

झपताल मृदंग का ताल।

मात्रा—१०

ताल—		२	०	३
मात्रा—१ २	३ ४ ५	६ ७ ८	९ १०	
ठेका—धा, धा	दिं ता धि,	ता आ, कत	गदि गन	

ताल चौताला।

इस ताल में इक ताले के ही भाँति मात्रा रहती है और बोल भी एक ही है परन्तु अन्त के चार बोल दो टुकड़ों में हो कर फिर दो दो बोल बराबर बन कर ताल पैदा करते हैं।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

मात्रा—१२

सम का स्थान—चौथी ताल पर।

बोल—इकताले का।

ताल मुगलई।

मात्रा—१४

यह ताल ढाई ताल के नाम से प्रख्यात है। इसमें १४ मात्रा हैं। पहिली ताली (ताल) पहिली मात्रा पर। दूसरा ताल पाँचवी मात्रा पर। खाली नवीं पर। परन्तु खाली पर भी सम आता जाता है।

ताल—सम—					१				२					
मात्रा—	११	१२	१३	१४	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
ठेका—	ती	न	ता	क	धी	न	धी	न	धि	ग	ति	र	कि	ट

ताल पश्तो।

यह मुगलई की भाँति है।

झपताल।

कोई इसको ५ मात्रा और कोई ७ मात्रा का कहते हैं परन्तु साधारणतः १० मात्रे का ही ताल कहते हैं। सम दूसरी ताल पर है।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

ताल—सम		१		खाली		१		सम		
मात्रा—२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
ठेका—धा	गे	धा	गे	धिं	न	ता	के	धा	गे	धा

ताल चंचल।

यह भी झपताल की तरह १० मात्रा का है। पहिला ताल पाँचवीं मात्रा पर दूसरा ताल सातवीं पर तीसरा नौवीं पर और एक पर खाली।

ताल चाचर।

यदि यह ताल अधिक ठा में बजाया जाय तो बिलकुल तिताला हो जाता है। इससे उसको ४ अथवा ८ मात्रा का ताल कहते हैं।

ताल—१	२	३	४ खाली
ठेका—धा धिन	तिग तिन	ता तिन	धिग तिन

ताल नकटा।

यह ताल कहरवा और कव्वाली की भाँति है और आठ ही मात्रा का होता भी है। केवल सम की ताल पहिली मात्रा पर और पाँचवीं मात्रा पर।

खेमटा।

यह छ मात्रा का ताल है। इसको दो ताला भी कहते हैं परन्तु परन तृताले के भी बजते हैं।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

ताल—सम ३ खाली १

मात्रा—१ २ ३ ४ ५ ६ १ २ ३ ४ ५ ६

ठेका—धा ग धिं ना धि न ता क ति ना ति न

ताल टप्पा ।

यह ताल तृताले की भाँति है । केवल लय ठा में चलती है ।

पञ्जाबी ठेका ।

यह भी तृताला है, सब नियम तृताले की भाँति हैं केवल बोलों में भेद है । विशेष कर इस ताल पर ग़ज़लें गाई जाती हैं ।

ठेका पखावज ।

ताल—सम ३ खाली

मात्रा—१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२

ठेका—धा धी गा धा धा धीं ग धा धो तीं ग ता

ताल—१०

मात्रा—१३ १४ १५ १६

ठेका—ता धीं ग ता

ताल अद्धा ।

यह भी तृताले की भाँति है केवल बोलों में भेद है ठुमरियों और पूर्वी गानों पर इसकी विशेष चलन है ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

ताल—सम ३ खाली।

मात्रा—१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२

ठेका—धा धिं न्त ता धिं न्त ता ति न्त ता धि न्त

हारमोनियम को किस तरह खोलना चाहिये।

पिछले पृष्ठों में हारमोनियम के पुर्जे और तबले के बोल को लिखा है अब आगे बाजा कैसे बजाया जाता है और उसके सरगम क्रमशः लिखे जाते हैं।

बाजे को सन्दूक से निकालकर अपने सामने रखना चाहिये और चाभियों को जो ठीक बाजे के बाहर सामने की तरफ लगी रहती हैं अपनी तरफ खींचना चाहिये। परन्तु यह ध्यान रखना चाहिये कि वह चाभियां जोर से न खींची जायँ किन्तु धीरे से अपनी तरफ खींचना चाहिये और जब अपने आप रुक जावे तब उसको वैसे ही छोड़ देना चाहिये।

ऊपर लिखे अनुसार सीखने वाला जब चाभियों को खोल चुके तब उसको चाहिये कि धौंकनी जिसके द्वारा हवा बाजेके अन्दर पहुँचाई जाती है ऊपर लगे हुए कील से अलग कर दे जिसमें वह अटकी रहती है।

इसके पश्चात् दाहिना हाथ पर्दों पर चलाने के लिये तैयार कर लेना चाहिये और अँगुली पर्दे पर रख कर फिर बायें हाथ से धौंकनी चलानी चाहिये। नीचे दिये हुए चित्र को देख कर समझ लें।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम मास्टर

चित्र नं० २१



बाँया हाथ धौंकनी पर दाहिना हाथ पर्दे पर।

हारमोनियम बजाने से पहले सीखने वाले नीचे लिखे हुए नियमों को अच्छी तरह समझ लें।

(१) सीखने वालेको आवश्यकीय है कि वह सबसे पहिले प्रथम सप्तक के प्रथम सफेद पर्दे पर से वह पीतल का स्प्रिंग (कमानी) हटावें जो उस पर्दे को दबाये रहती है। अब वह पर्दा बिना अँगुली रखे केवल धौंकनी चलाने से ही आवाज़ देने लगेगा। ऐसा करने से कदाचित् भूलकर पर्दे पर अँगुली न रखकर धौंकनी धौंक दी जाय भी तो बाजा बिगड़ने का भय नहीं रहता। क्योंकि पर्दा खुला है और भीतर की हवा मजे में ऊपर आ सकती है।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

(२) धौंकनी सदैव धीरे धीरे और एक चाल से चलाना उत्तम है।

(३) पहले पर्दों पर अँगुलियाँ धीरे २ चलाना चाहिये फिर बाद में तेज़ चाल में।

(४) एक पर्दे पर एकही अँगुली रखना चाहिये दो नहीं। एकाद पर्दे का अन्तरा देना भी उत्तम है।

(५) एकके बाद दूसरी अँगुली चलाना चाहिये और पर्दे पर अँगुलियों का टप्पा नहीं देना चाहिये। इससे बाजेकी बोल शीघ्र नष्ट होने का भय है।

(६) अपने हाथ का तौल के माफिक रखना चाहिये।

(७) हारमोनियम बजाते समय आगे की ओर झुकना ठीक नहीं सीधे बैठकर बाजा बजाना चाहिये।

(८) कभी कभी सीखनेवाले को यह मुश्किल हो जाताहै, कि जब वह धौंकनी चलाते हैं तब उनकी अँगुली पर्दे पर नहीं चलती है और जब अँगुली चलने लगती है तब धौंकनी रुक जाती है। सीखनेवाले इस बातके लिये न घबरायें और हिम्मत हारकर न बैठें किन्तु प्रयत्न करें घन्टे दो घन्टे परिश्रम करने से यह कष्ट दूर हो जायगा और दोनों हाथ एकही समय चलने लगेगा।

(९) बाजा सीखने के लिये अँगुलियों का तैयार करना आवश्यक है इसलिये सीखने वाले को पहले ही से अँगुलियों को दुरुस्त करने का परिश्रम करते रहना उचित है।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

(१०) हारमोनियम बजाने से पहले बाजे को एक सफेद कपड़े से साफ कर लेना चाहिये उसके बाद अपनी अँगुलियों को भी साफ करना जरूरी है ताकि पसीना या मैल पर्दे में न लगे।

हारमोनियम को किस तरह बन्द करना चाहिये।

हारमोनियम को बन्द करते समय नीचे लिखी हुई बातों पर ध्यान रखना ज़रूरी है।

(१) जब बाजा बन्द करने की इच्छा हो तो, बजाते हुये एक दम धौंकनी को हाथ से छोड़ देना चाहिये और पर्दों पर पाँचों अँगुली रख देना चाहिये। ऐसा करने से भीतर हवा नहीं रहेगा और बाजे में कोई खराबी उत्पन्न नहीं होगी।

(२) जब बाजे की आवाज बन्द हो जाय उस समय एक अँगुली पर्दे पर रख और दूसरे हाथ से धौंकनी उस कील में जो धौंकनी के दूसरे सिरे पर लकड़ी के तख्ते में लगी रहती है अटका देना चाहिये। ऐसा करने से जब तक धौंकनी पीछे से आकर कील के पास आयेगी अँगुली से दबाया हुआ पर्दा आवाज़ देगा और हवा उस पर्दे द्वारा बाहर निकल जायगा।

(३) जब धौंकनी बन्द हो उस समय जितनी चाभियाँ खुली हैं (आगे की तरफ निकली हुई हैं) उनको पीछे की ओर

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

(अन्दर की तरफ) सरका देना चाहिये। मगर उस पर बल आजमाने की जरूरत नहीं। यह काम बड़े आहिस्ते से करना चाहिये। चाभियों को अन्दर कर देने पर अब बाजा बन्द हो गया।

(४) जब बाजा बन्द हो जाय तब उसके ऊपर से एक सफेद कपड़े का टुकड़ा जो कि बाजे को पूरी तरह से ढक ले ढाँप देना चाहिये और उसे सन्दूक में बन्द कर देना चाहिये।

(५) हारमोनियम को खोलने से पहले चाभियों को खोल लेना चाहिये और इसके बाद जब बाजा बन्द किया जाये उस समय सबसे पीछे बन्द करना चाहिये।

(६) हारमोनियम और हारमोनियम के सन्दू समय एक सफेद कपड़े से साफ कर देना चाहिये जिससे किसी प्रकार की उसमें कूड़ा या करकट न रहे।

(७) बाजे को या उस सन्दूक को जिसमें बाजा है कभी धूप में, ठंढ में और एक दम अन्धेरी कोठरी में, नहीं रखना चाहिये।

(८) इसी प्रकार तबले को भी कपड़े से बाँध कर सन्दूक में रखना चाहिये और उसे भी धूप में, ठंढ में या अन्धेरी कोठड़ी में रखना ठीक नहीं।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम के पर्दे पर किस प्रकार से अँगुली चलाना चाहिये।

प्रथमतः सीखने वाले को अपनी अँगुलियाँ क्रम से चलाने का अभ्यास करना चाहिये। जब पूर्ण रीतिसे अभ्यासहो जाय तब जिस प्रकार से सुभीता हो वह अँगुलियों को पर्दे पर रख सकता है। इसका पूरा २ वर्णन चित्र सहित नीचे दिया जाता है सीखने वाले इसे समझ कर अभ्यास आरम्भ कर दें।

(चित्र नं० २२)

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम मास्टर

प्रथम सप्तक

रे ग म ध नी



(सा)—नम्बर १ पर अँगूठा।

(रे)—नम्बर २ पर तर्जनी अर्थात् अँगूठे के बाद की पहली अँगुली।

(ग) नम्बर ३ पर मध्यमा अर्थात् बीच की अँगुली।

(म)—नम्बर ४ पर कनिष्ठा अर्थात् बीच की अँगुली के बाद वाली।

इसी प्रकार नम्बर ५ पर अँगूठा, नम्बर ६ पर तर्जनी नम्बर ७ पर मध्यमा, नम्बर ८ पर कनिष्ठा।

नोट—उपरोक्त चित्र में यह समझा दिया गया है कि कौन सी अंगु। किस पर्दे पर रखनी चाहिये।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

अँगुलियों का वृत्तान्त

सीखनेवाले नीचे लिखे हुए नियमों को अच्छी तरह समझ लें ताकि हारमोनियम बजाते समय पर्दे पर अँगुली रखने में भूल न हो।

(१) अँगूठा सदैव सा और पा पर रखना चाहिये जैसा चित्र नं० २२ के बयान में बताया गया है।

(२) अँगूठा कदापि काले पर्दे पर नहीं रखना चाहिये।

(३) काले पर्दे पर अँगूठे को छोड़कर पीछेके चित्रानुसार अँगुलियाँ रखनी चाहिये।

(४) यदि सीखने वाला शुरू से ही पीछे बतायी रीति के अनुसार अभ्यास करेगा तो बहुत जल्द उसकी अँगुलियाँ पक जायँगी और बाजा खोलते ही फुर्ती के साथ पर्दों पर चलने लगेंगी अन्यथा अँगुलियों का पर्दे पर चलना कठिन है।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम मास्टर

स्वर पहिचानने के निशान

(१) जिस स्वर के नीचे ऐसा (+) निशान हो उस स्वर को मध्यम सप्तक का कोमल पर्दा जानना चाहिये। जैसे-रेगम
+++

(२) जिस स्वर के नीचे ऐसा (०) निशान हो उस स्वर को प्रथम सप्तक का कोमल पर्दा जानना चाहिये । जैसे-रेगम
४४४
०००

(३) जिस स्वर के नीचे ऐसा (—) निशान हो उस स्वर को तीसरे सप्तक का कोमल पर्दा जानना चाहिये।

जैसे—रे ग म
४ ४ ४

(४) जिस स्वर के नीचे ऐसा [४] निशान हो उसे प्रथम सप्तक का तीव्र पर्दा समझना चाहिये। जैसे—सा रे ग म।
४ ४ ४ ४

(५) जिस स्वर के नीचे ऐसा (४) निशान हो उस स्वर को तीसरे सप्तक का तीव्र पर्दा समझना चाहिये।

जैसे—सा रे ग म
४ ४ ४ ४

SRI JAGADGURU VISHWARADHYA
JNANA SIMHASAN JNANAMANDIR
LIBRARY
Jangamawadi Math, Varanasi
Acc. No. 218

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

स्वर का पर्दा ।

(चित्र नं० २३)

कोमल	रे	ग	म	प	ध	रे	ग	म	प	ध	रे	ग	म	प	ध	
निशान	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	



CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम मास्टर

बाजे में प्रथम सप्तक के सा को स्वर माना। परन्तु यह कोई खास बात नहीं है कि अमुक पर्दे को ही स्वर मान कर बजाया जाय। यहाँ केवल सीखने वाले के सुभीते के लिये सा को स्वर माना गया है। गायक अपनी रुचि के अनुसार स्वर स्थिर कर ले।

हारमोनियम में तीन सप्तक होते हैं। इसमें से जहाँ नं० १ है मान्द्र सप्तक [प्रथम सप्तक] जहाँ नं० २ है मध्यम सप्तक और जहाँ नं० ३ है तार सप्तक [तीसरा सप्तक] कहते हैं।

हारमोनियम में २२ सफेद और १५ काले पर्दे होते हैं। किसी २ में इससे भी ज्यादा होते हैं जिसका जिक्र पीछे किया जा चुका है। कुल मिला कर ३७ पर्दे हुए। इनमें से हर एक सप्तक १२, १२ पर्दों में विभाजित हैं। ७ सफेद और ५ काले।

[१] सा रे ग म प ध नी

यह सफेद पर्दे तीव्र हैं।

[२] रे ग म प ध

यह काले पर्दे कोमल हैं।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम मास्टर

[तीव्र पर्दों के नाम]

[१] सा को षड्ज कहते हैं।
[२] ऋ [री] को ऋषभ।
[३] गा को गान्धार।
[४] मा को मध्यम।
[५] पा को पंचम।
[६] धा को धैवत।
[७] नी को निषाद।

[कोमल पर्दों के नाम]

[१] ऋ [री] को ऋषभ।
[२] गा को गान्धार।
[३] मा को मध्यम।
[४] प को पंचम।
[५] ध को धैवत।

इसी प्रकार मध्यम और तार सप्तक के स्वरों को जानिये।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

सातों स्वरों का वर्णन

[१] षड्ज स्वर की आवाज़ मयूर के कण्ठ से आती है

[२] ऋषभ स्वर की आवाज़ गौ के कण्ठ से आती है।

[३] गन्धार ———— बकरे ————

[४] मध्यम ———— कौंच ————

[५] पंचम ———— कोकिल ————

[६] धैवत ———— घोड़े ————

[७] निषाद ———— हस्ती ————

स्थिर स्वर

षड्ज [सा] पंचम [पा] यह स्थिर स्वर हैं और सदैव क़ायम रहते हैं उतरते नहीं।

चलने वाले स्वर

रे ग म प ध नी

यह पाँचों कोमल स्वर एक से नहीं रहते तीव्र हो जाते हैं।

तीव्र स्वर की पहिचान

जिस स्वर का उच्चार केवल रूप से हो, वह हारमोनियम के सफेद पर्दे हैं।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

कोमल स्वर की पहिचान

जिसका उच्चारण तीव्र स्वर से आधा हो, वह बाजे के कोमल पर्दे हैं।

(स्वर)

प्रथम [मान्द्र] सप्तक की आवाज़ मोटी होती है गाने वाले को इस सप्तक के स्वरों से आवाज़ मिलाने के लिये अपनी अतड़ियों पर जोर डालना पड़ता है।

मध्यम सप्तक की आवाज़पहले सप्तक से दूनी होती है। इसके स्वरों का साथ देने में कलेजे पर जोर पड़ता है।

तार सप्तक की आवाज़ बारीक और ऊँची होती है इसके स्वरों में गाने से नेत्रों पर ज़ोर पड़ता है और कभी २ आँखों से पानी भी निकलने लगता है।

(सम)

सम उसे कहते हैं जब ताल पूरा चक्कर लगा देता है और पुनः वहीं से आरम्भ होता है अर्थात् जहाँ गाने की कड़ी खतम होती है और सुनने वाले मस्त होकर ठेका देने लगते हैं जैसे—आ-आ इत्यादि।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

तान

गवैया जब गाता है तो उसको किसी २ स्थान पर अलाप लेने की आवश्यकता पड़ती है उस समय वह अपनी ध्वनी में शीघ्रता से आ आ कर जाता है ऐसे स्थान पर हारमोनियम बजाने वाला उसका आवाज के साथ अपनी अँगुलियाँ फुर्ती के साथ उन्हीं स्वरों पर चलाता है जिन स्वरों पर गवैया अलाप लेता है इसको तान अथवा अलाप कहते हैं। तान का बजाना कठिन है इसलिये अँगुलियों का खूब पका रहना आवश्यक है।

तान के बजाने में बहुत से पर्दे को शीघ्र बजाने की अत्यन्त आवश्यकता है।

तान के नियम

[१] पर्दा पर अन्तरा फुर्ती से बजाना चाहिये।

[२] साज के साथ बाजा बजाना अत्यावश्यक है।

[३] थियेट्रिकल व अँगरेज़ी गानों में चाल तेज़ रहती है यदि हाथ फुर्तीसे न चले तो इनकी तर्जोंको बजाना कठिन ही नहीं वरन् असम्भव है। क्योंकि यह चाल कैंचीकी भाँति चलती है।

[४] यदि कोई गत बजाना हो तो उसके सरगम को अपने मन में कहते जाओ और अँगुलियों को हारमोनियम पर बजाते जाओ। ऐसा करने से गति ठीक चाल से चली जायगी और हाथ फुर्ती के साथ चलेगा।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम मास्टर

आरोह

एक तरफ से चढ़ते हुए को आरोह कहते हैं जैसे—

सा रे गा मा पा धा नी सा।

अवरोह

दूसरी तरफ से उतरते हुए को अवरोह कहते हैं जैसे—

सा नी धा पा मा गा रे सा।

पिछले पृष्ठों में यह बतलाया गया है कि अँगुलियाँ पर्दों पर किस प्रकार से चलनी चाहिये। अब नीचे सरगम लिखे जाते हैं सीखनेवाले को ध्यान पूर्वक बजाना चाहिये।

सरगम नं० १

आरोह

सा रे गा मा पा धा नी सा।

अवरोह

सा नी धा पा मा गा रे सा।

आरोह

सासा, रेरे, गग, मम, पप, धध, नीनी, सासा।

अवरोह

सासा, नीनी, धध, पप, मम, गग, रेरे, सासा।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम मास्टर

आरोह

सारेगा, रेगामा, गामापा, मापाधा, पाधानी, धानीसा।

अवरोह

सानीधा, नीधापा, धापामा, पामागा, मागारे, गारेसा।

आरोह

सा रेगम, रे गमम, ग मपप,
म पधध, प धनीनी, ध नीसासा।

अवरोह

सा सानीध, नी नीधप, ध धपम।
प पमग, म मगरे, ग गरेसा।

आरोह

सा रेगम, रे गमप, ग मपध, म पधनी, प धनीसा

अवरोह

सा नीधप, नी धपम, ध पमग, प मगरे, म गरेसा।

नीचे दिये हुए सरगम को एक दम ठाह में बजाना चाहिये और निशान दिये हुए स्वरों को उसी के माफिक बजावे जैसे स×२ इसके माने हुआ कि दो मर्तबा सा बजाओ सा×३ इसी प्रकार ३ हो तो तीन मर्तबा ४ हो तो ४ मर्तबा इत्यादि।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम मास्टर

आरोह और अवरोह (सीधा और उल्टा)

सरगम नं० २

नं० १

सा—रे—गा—मा—पा—धा—नी—सा ।

सा—नी—धा—पा—मा—गा—रे—सा ।

नं० २

सा—रे×२–गा×२–मा×२–पा×२–धा×२–नी×२–सा×२ ।

सा—नी×२–धा×२–पा×२–मा×२–गा×२–रे×२–सा×२ ।

नं० ३

सा—रे×३–गा×३–मा×३–पा×३–धा×३–नी×३–सा×३ ।

सा—नी×३–धा×३–पा×३–मा×३–गा×३–रे×३–सा×३ ।

नं० ४

सा—रे×४–गा×४–मा×४–पा×४–धा×४–नी×४–सा×४ ।

सा—नी×४–धा×४–पा×४–मा×४–गा×४–रे×४–सा×४ ।

नं० ५

सा—रे–ग×२–रे–ग–म×२–ग–म–प×२–म–प–ध×२–
प–ध–नी×२–ध–नी–सा×२ ।

सा—नी–ध×२–नी–ध–प×२–ध–प–म×२–प–म–ग×२–
म–ग–रे×२–ग–रे–सा×२ ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

नं० ६

सा—रे–ग×३–रे–ग–म×३–ग–म–प×३–म–प–ध×३–
प–ध–नी×३–ध–नी–सा×३ ।

सा—नी–ध×३–नी–ध–प×३–ध–प–म×३–प–म–ग×३–
म–ग–रे×३–ग–रे–सा×३ ।

अब आगे आरोह और अवरोह [उल्टे पल्टे और सीधे पल्टे] दोनों लिखे जाते हैं। सीखनेवाले को चाहिये कि उनको फुर्ती के साथ बाजे पर बजावे और साथ ही साथ मुँह से भी कहता जाय। ऐसा करने से सरगम कण्ठाग्र हो जायगा और अभ्यास भी बन जायगा ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

हारमोनियम मास्टर

(आरोह और अवरोह एक में)

सरगम नं० ३

नं० १

सा रे ग म प ध नी सा, सा नी ध प म ग रे सा ।

नं० २

सा सारेरेग ग ममपप ध धनीनीसा सा ।
सा सानीनीध ध पपमम ग गरेरेसा सा ।

नं० ३

सा रे ग-रे ग म-ग म प-म-प ध-प ध नी-ध नी सा ।
